मूल्य 1 रु.
वर्षः 9 - अंक : 228, मुंबई, शनिवार, 23 नवंबर, 2019 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




## मॉब लिंचिंग: पश्चिम बंगाल में भीड़ ने गो–तस्करी के शक में 2 लोगों की पीट–पीटकर हत्या की, 11 गिरफ्तार

### ग्रामीणों ने पिकअप वैन को जांच के लिए रोका, गो-वंश मिलने पर लोग भड़क गए

**पश्चिम बंगाल।** कूचबिहार में गो-तस्करी के शक में भीड़ ने 2 लोगों की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना बुधवार रात को हुई। इस मामले में पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। मृतकों की पहचान प्रकाश दास और बाबुल मित्रा के रुप में हुई है। घटना में मारे गए दोनों व्यक्ति कथित तौर पर पिकअप वैन में चोरी के जानवर ले जा रहे थे। रास्ते में पड़ने वाले पुतिमारी फोलेश्वरी गांव के लोगों ने शक होने पर उनकी गाड़ी की जांच की। इस दौरान वैन में गाय मिलने पर लोग भड़क गए। (शेष पृष्ठ 5 पर)



### एनसीपी चीफ शरद पवार का...
# ऐलान
## उद्धव ठाकरे की लीडरशिप पर तीनों पार्टियां सहमत



लीडरशिप का कोई मुद्दा ही नहीं है। उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र सरकार की अगुआई करेंगे। उद्धव की लीडरशिप पर आम सहमति बन चुकी है, दूसरे मसलों पर वार्ता चल रही है। आज तीनों पार्टियां साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगी।

-शरद पवार, तीनों पार्टियों की बैठक के बाद

**संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन का ऐलान जल्द हो सकता है। कांग्रेस-राकांपा और शिवसेना की शुक्रवार को नेहरू सेंटर में बैठक हुई। इसके बाद राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने साफ कर दिया कि मुख्यमंत्री के तौर पर उद्धव ठाकरे के नाम पर सहमति बन गई है। उन्होंने कहा कि शनिवार को मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह बता दिया जाएगा कि हम राज्यपाल के पास कब जाएंगे। उद्धव ठाकरे ने बैठक के बाद कहा-तीनों दलों के बीच पहली बार बैठक हुई। कई मसलों पर हमारे बीच बात हुई। हम ऐसा कोई मसला नहीं चाहते हैं, जो छूट जाए।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

### उद्धव ने कहा- पहली बार तीनों दलों में बैठक हुई, कई मुद्दों पर बात हुई पर हम कोई मसला नहीं चाहते, जो छूट जाए

### शरद पवार के बयान के बाद भी सीएम पद पर सस्पेंस, कांग्रेस बोली- आज होगी बात

### समन्वय समिति भी गठित होगी

गठबंधन सरकार के कामकाज में समन्वय बनाए रखने के लिए तीनों पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं की समन्वय समिति बनाए जाने का फैसला हुआ है। इसमें मुख्यमंत्री के अलावा तीनों पार्टियों के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। समिति में सदस्यों की संख्या 12 हो सकती है, जिसमें हर पार्टी से चार प्रमुख नेता होंगे।

### नई सरकार का नाम 'महा विकास आघाडी' होगा

दिल्ली में कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) ने शिवसेना के साथ सरकार बनाने को लेकर सहमति प्रदान कर दी थी। गठबंधन सरकार का नाम महा विकास आघाडी (महा विकास गठबंधन) होगा। कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चह्वाण ने कहा था कि राकांपा–कांग्रेस के बीच सभी मुद्दों पर चर्चा के बाद आम सहमति बन गई है।

## महाराष्ट्र में मौकापरस्ती नहीं टिकेगी: गडकरी

### गडकरी ने कहा कि यह गठबंधन वैचारिक नहीं है इसलिए टिकेगा नहीं और स्थिर सरकार भी नहीं मिलेगी



### केंद्रीय मंत्री गडकरी ने यह भी कहा कि शिवसेना और बीजेपी के विचारों में मतभिन्नता नहीं है

**मुंबई।** महाराष्ट्र में कांग्रेस, शिवेसना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के संभावित गठबंधन को नितिन गडकरी ने मौकापरस्ती का गठबंधन बताया है। महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा नाम रहे गडकरी ने कहा कि वैचारिक तालमेल ना होने के कारण यह गठबंधन टिकेगा नहीं।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

### 'काम के दम पर जीतेंगे झारखंड'

झारखंड में बीजेपी की जीत का विश्वास जताते हुए नितिन गडकरी ने कहा, झारखंड में प्रधानमंत्री मोदी और राज्य में रघुवर दास के नेतृत्व में स्थिर सरकार के अंतर्गत जो काम किए गए हैं, मुझे भरोसा है कि राज्य के लोग एक बार फिर से रघुवर दास के नेतृत्व में बीजेपी को फिर से चुनेंगे।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### नशे के लिए बेचता था खांसी की दवा, किया गिरफ्तार

**भिवंडी।** भिवंडी शहर सहित आसपास के इलाकों में नशा करने के लिए खांसी की दवा का प्रयोग खुलेआम किया जा रहा है। इसका शिकार ज्यादातर स्कूल, कॉलेज जाने वाले युवा हो रहे हैं। गैरकानूनी तरीके से विभिन्न इलाकों में खांसी की दवा बेचने वाले एक युवक को कोनगांव पुलिस ने मुंबई-नासिक महामार्ग पर स्थित एक लॉज के पास से गिरफ्तार कर लिया है। महामार्ग के किनारे ऐसी दवाओं की बिक्री पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद वह नशा करने के लिए खांसी की दवा बेच रहा था। पुलिस ने उसके पास से 100 एमएल के खांसी के 200 सिरप बरामद किए हैं।

कोनगांव पुलिस को सूचना मिली थी कि मुंबई-नासिक महामार्ग पर होटलों एवं लॉजों के आसपास नशा करने के लिए गैरकानूनी तरीके से खांसी की दवा बेची जाती है। मुखबिर की सूचना पर कोनगांव पुलिस ने मुंबई-नासिक महामार्ग स्थित डायमंड लॉजिंग के पास मोटरसाइकल पर प्लास्टिक की बोरी में कफ सिरप बेचते हुए मौसिम शकील शेख को धर दबोचा। पुलिस ने इसकी कीमत 66 हजार रुपये बताई है। पुलिस ने औषध व प्रसाधन अधिनियम 1940 की धारा 18(अ), 18(ब), 18(ई) एवं 27 के तहत मामला दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### ठाणे जेल से भागा आरोपी चार महीने बाद गिरफ्तार

**ठाणे।** इस साल जुलाई में पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार हुए वॉन्टेड मकोका आरोपी नरेश छाबरिया को ठाणे पुलिस की केंद्रीय अपराध शाखा यूनिट ने गिरफ्तार कर लिया है।

छाबरिया की धरपकड़ में हुई नोकझोंक और छीना-झपटी में दो पुलिस अधिकारी और दो कर्मचारी मामूली रूप से घायल हो गए थे। चार माह की खोजबीन के बाद छाबरिया फिर से ठाणे जेल में पहुंच गया है।

ठाणे जेल में बंद छाबरिया को पुलिस 17 जुलाई को पुलिस टीम सेशन कोर्ट में पेश करने मुंबई ले गई थी। वापसी में जेल के भीतर ले जाते समय छाबरिया पुलिस गिरफ्त से भागने में सफल हो गया था और उसके खिलाफ ठाणे नगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस को उसके उल्हासनगर तथा अंबरनाथ में होने की खबर मिली थी। इस खबर के आधार पर केंद्रीय अपराध शाखा यूनिट की तरफ से पीआई अनिल होंनराव के नेतृत्व में उल्हासनगर के हिल लाइन पुलिस स्टेशन की सीमा में जाल बिछाया गया था। पुलिस टीम ने बेटे के साथ स्कूटर पर सवार छाबरिया को पहचाना और रुकने का इशारा दिया। पुलिस से घिरा देख छाबरिया का बेटा स्कूटर तेज कर भागने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने पीछाकर छाबरिया को पकड़ लिया। छाबरिया का बेटा भागने में सफल हो गया। इस दौरान अनिल होंनराव की सर्विस पिस्टल से एक राउंड गोली फायर हो गई, लेकिन सभी बाल-बाल बच गए। धरपकड़ में चार पुलिस वाले मामूली जख्मी हो गए।

### भारत-वेस्टइंडीज टी-20 क्रिकेट मैच के लिए सुरक्षा नहीं देगी मुंबई पुलिस

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने कहा है कि वह 6 दिसंबर को वेस्टइंडीज और भारत के बीच होने वाले मैच में सुरक्षा नहीं दे पाएगी। पुलिस ने मुंबई क्रिकेट असोसिएशन से कहा है कि उसी दिन बाबा साहब आंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस है। गौरतलब है कि इस दिन मुंबई में कई सारे कार्यक्रमों का आयोजन होता है और पुलिस उन कार्यक्रमों में व्यस्त रहती है। बताते चलें कि भारत दौरे पर आ रही वेस्टइंडीज टीम तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी। इस सीरीज का पहला मैच 6 दिसंबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाना है। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों, अन्य स्टाफ और स्टेडियम की सुरक्षा के लिए भारी मात्रा में सुरक्षाकर्मियों की आवश्यकता होती है। इसके अलावा दर्शकों को संभालने और स्टेडियम के आसपास सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए भी पुलिस की आवश्यकता होती है।

# शिवसेना नेता की बीजेपी को धमकी,

## 'हमारे विधायकों को खरीदने की कोशिश हुई तो सिर फोड़ देंगे'

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सरकार बनाने को लेकर चल रही रस्साकशी के बीच शिवसेना के विधायक अब्दुल सत्तार ने गुरुवार को बीजेपी को चेतावनी दी है। औरंगाबाद की सिलोद विधानसभा सीट से विधायक सत्तार ने कहा कि उनकी पार्टी के विधायकों की खरीद-फरोख्त की कोशिश करने वालों के सिर फोड़ दिए जाएंगे। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधायकों की खरीद-फरोख्त वैध नहीं है।

सत्तार ने कहा, 'बीजेपी किसी भी विधायक की खरीद-फरोख्त नहीं कर पाएगी। लेकिन जो भी विधायकों की खरीद-फरोख्त की कोशिश करेंगे,




उनके सिर फोड़ दिए जाएंगे। इन विशेष मामलों के तहत हम अस्पताल में उनके इलाज की व्यवस्था भी करेंगे। यह (विधायकों की खरीद) किसी दुकान से सामान की खरीदारी नहीं है।

इससे पहले, शिवसेना के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने भी बीजेपी पर हमला बोला था। राउत ने ट्वीट करते हुए कहा, 'हम बुरे ही ठीक हैं, जब अच्छे थे तब कौन सा मेडल मिल गया था।' राउत ने बुधवार को भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कविता ट्वीट करते हुए लिखा था, 'आहुति बाकी, यज्ञ अधूरा, अपनों के विघ्नों ने घेरा, अंतिम जय का वज्र बनाने, नव दधीचि हड्डियां गलाएं। आओ फिर से दीया जलाएं।'

# मेट्रो में आपका चेहरा ही होगा टिकट

**मुंबई।** मेट्रो स्टेशन में प्रवेश के लिए यात्रियों को अब कतार में खड़ा नहीं होगा पड़ेगा। प्रवेश द्वार के करीब पहुंचते ही गेट अपने आप खुल जाएगा। यात्रियों का चेहरा ही उनका टिकट होगा। मेट्रो स्टेशनों पर विश्व स्तरीय सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण ने स्टेशनों पर अक पावर इमेजिंग तकनीक का इस्तेमाल करने का निर्णय लिया है। इस तकनीक के जरिए एक मिनट में बगैर कतार में खड़े 30 यात्री स्टेशन में प्रवेश कर सकेंगे, जबकि मौजूदा टोकन सिस्टम के जरिए एक मिनट में करीब सात यात्री ही स्टेशन में प्रवेश कर पाते हैं।

इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को एमएमआरडीए की बेवसाइट पर अपनी प्रोफाइल बनानी होगी। अलग-अलग दिशा से ली हुई तीन फोटो बेवसाइट पर अपलोड करनी होंगी। प्रवेश द्वार के 20 फुट नजदीक आते ही वहां लगे कैमरे यात्रियों के चेहरों की पहचान कर लेंगे। गेट अपने आप खुल जाएगा। मासिक पास धारक अपना स्मार्ट कार्ड रिचार्ज कर इस सेवा का लाभ ले सकते हैं। एमएमआरडीए कमिश्नर आर. ए. राजीव के मुताबिक, पायलट प्रॉजेक्ट के तहत मेट्रो 1 के डी. एन. नगर, मरोल नाका, घाटकोपर, साकी नाका स्टेशनों पर इस तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। भविष्य में मेट्रो के सभी स्टेशनों पर यह सुविधा उपलब्ध होगी। यात्रियों को आसानी से प्रवेश देने के साथ ही गेट पर लगे कैमरे बेटिकट यात्रियों की भी पहचान कर सकेंगे।



सार्वजनिक यातायात व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए टटफऊअ फीडर बस सेवा शुरू करने की योजना तैयार की है। फीडर बस सेवा पवई से घाटकोपर, पवई से जागृति नगर, पवई से मरोल नाका के बीच चलाई जाएगी। जो व्यावसायिक प्रतिष्ठान मौजूदा समय में मेट्रो से कनेक्ट नहीं हैं, ऐसे संस्थान में काम करने वाले लोगों को फीडर बस के माध्यम से आसानी से मेट्रो से जोड़ा जा सकता है।

यात्रियों को उनके अंतिम गंतव्य स्थल तक पहुंचाने की भी योजना तैयार कर ली गई है। इसके तहत बांद्रा-बीकेसी-कुर्ला मार्ग पर इलेक्ट्रिक स्कूटर और साइकल सेवा शुरू करने की योजना तैयार की गई है। यात्री मेट्रो स्टेशन से किराए पर स्कूटर या साइकल ले कर अपने अंतिम गंतव्य स्थल तक पहुंच सकते हैं। जल्द ही इस मार्ग पर पार्किंग स्थल की पहचान कर सेवा शुरू कर दी जाएगी।

### भगवान इंद्र का सिंहासन मिले तब भी शिवसेना भाजपा के साथ नहीं आएगी: राउत

**मुंबई।** शिवसेना के सांसद संजय राउत ने शुक्रवार को यहां कहा कि शिवसेना को भगवान इंद्र के सिंहासन का प्रस्ताव मिले तब भी वह भाजपा के साथ नहीं आएगी। राउत ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस और राकांपा के साथ वाला त्रिदलीय गठबंधन जब सत्ता में आएगा तब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री का पद उनकी पार्टी को ही मिलेगा। अटकलें थी कि भाजपा मुख्यमंत्री पद शिवसेना के साथ साझा करने को तैयार है। इस बारे में सवाल पर राउत ने कहा, प्रस्तावों के लिए वक्त अब खत्म हो चुका है। महाराष्ट्र की जनता शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री बनते देखना चाहती है। यह पूछे जाने पर क्या तीनों गैर भाजपा दल शुक्रवार को राज्यपाल से मुलाकात करेंगे, इस पर राउत ने कहा, जब राष्ट्रपति शासन लगा हुआ है तो ऐसे में राज्यपाल से मुलाकात क्यों करेंगे।

# केईएम हादसा: 15 दिन बाद जिंदगी की जंग हारा 2 महीने का प्रिंस

**मुंबई।** करीब दो हफ्ते पहले बीएमसी के केईएम अस्पताल के आईसीयू में लगी आग में गंभीर रूप से घायल हुए प्रिंस ने आखिरकार शुक्रवार सुबह दम तोड़ दिया। हादसे में उसका कान और हाथ बुरी तरह झुलस गए थे। बता दें कि प्रिंस के दिल में छेद था जिसके इलाज के लिए उसके माता-पिता उसे वाराणसी से मुंबई लेकर आए थे लेकिन इलाज शुरू होता उससे पहले ही यह हादसा हो गया।

करीब दो हफ्ते पहले केईएम अस्पताल में भर्ती हुआ प्रिंस जिस



आईसीयू में था वहां आग लग गई। आग प्रिंस के बेड से सटी मशीन में शॉर्ट सर्किट से लगी थी और गार्ड की सतर्कता से उसे फौरन बुझा लिया गया लेकिन तब तक प्रिंस काफी घायल हो चुका था। उसका हाथ और कान झुलस गए थे। बाद में प्रिंस का हाथ काटना भी पड़ गया था।

इसी मंगलवार मंगलवार को हुई एक छोटी-सी सर्जरी के बाद से प्रिंस के स्वास्थ्य में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई थी। हालांकि, अस्पताल प्रशासन बेहतर सेवाएं दे रहा था और प्रिंस को बचाने की कोशिशें की जा रही थीं। जांच में उसके फेफड़े में निमोनिया भी पाया गया था। अस्पताल से जुड़े एक सीनियर डॉक्टर ने बताया था कि प्रिंस तकरीबन 2 हफ्ते से वेंटिलेटर पर है, इसलिए स्वास्थ्य में थोड़ा उतार-चढ़ाव हो रहा है। प्रिंस को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल के बेहतरीन डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया था। हादसे के बाद सवालों के घेरे में आई बीएमसी ने प्रिंस के परिजनों को आर्थिक मदद देने की पेशकश की थी लेकिन परिजनों ने इनकार कर दिया। उनका कहना था कि उन्हें आर्थिक मदद नहीं, बल्कि प्रिंस की जिंदगी चाहिए, ताकि भविष्य में उसे किसी भी तरह की समस्या न हो। इससे पहले बीएमसी की ओर से किसी भी मदद के लिए इनकार किया गया था। तब समाज के तमाम नेकदिल लोगों ने आगे बढ़कर परिवार की मदद की थी।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक- **दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस, मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साई मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301, इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड, मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

## तीन तिगाड़े काम बिगाड़े वाली सरकार कब तक?- निरुपम

# शिवसेना-एनसीपी-कांग्रेस की सरकार लगभग तय

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शिवसेना-एनसीपी और कांग्रेस की सरकार बनना लगभग तय हो गया है। दूसरी ओर कांग्रेस के नेता संजय निरुपम कांग्रेस को चेतावनी देते हुए शिवसेना से हाथ न मिलाने की सलाह दे रहे हैं। संजय निरुपम ने शिवसेना-एनसीपी-कांग्रेस (शिराकां) की बनने वाली सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि तीन तिगाड़े काम बिगाड़े वाली सरकार कब तक चलेगी। उन्होंने कहा कि नुकसान कांग्रेस का और फायदा सिर्फ बीजेपी का होगा।

संजय निरुपम ने अपने ऑफिशल ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया, 'हमारे नेताओं का तर्क है कि बीजेपी को रोकने के लिए हम शिवसेना से हाथ मिलाने का जोखिम



उठा रहे हैं। मगर तीन तिगाड़े काम बिगाड़े वाली सरकार चलेगी कब तक? फिर या तो बीजेपी किसी के साथ सरकार बनाएगी या चुनाव होंगे। दोनों हाल में बीजेपी को फायदा होगा और नुकसान होगा कांग्रेस का।'

इससे पहले गुरुवार को भी संजय निरुपम ने कांग्रेस को आगाह करते हुए कहा था कि महाराष्ट्र में शिवसेना के नेतृत्व वाली जिस सरकार की योजना बन रही है, अगर उनकी पार्टी उसमें शामिल होती है तो यह उसकी गलती होगी। निरुपम ने आगे कहा था, 'यह राज्य में सबसे पुरानी पार्टी के अस्तित्व को दफन करने के समान होगा।'

पूर्व सांसद ने कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी को आगाह किया था कि वह इस संबंध में दबाव में नहीं आए। अपने विचार के समर्थन में निरुपम ने कहा कि कांग्रेस ने कुछ साल पहले उत्तर प्रदेश में बीएसपी से हाथ मिलाने की गलती की थी लेकिन वहां पार्टी ने इस तरीके से अपना जमीनी आधार खोया जिसे वह अब तक नहीं पा सकी है।

उधर, महाराष्ट्र में चुनाव नतीजों के ऐलान के करीब एक महीने बाद नई सरकार की तस्वीर अब करीब-करीब साफ हो चुकी है। एनसीपी और कांग्रेस के बीच पिछले 2 दिनों तक चले मंथन के बाद शिवसेना के साथ मिलकर सरकार बनाने पर सहमति बन चुकी है। सूत्रों के मुताबिक सूबे में मुख्यमंत्री शिवसेना का होगा। इसके अलावा 2 डेप्युटी सीएम होंगे जो एनसीपी और कांग्रेस से होंगे।

## मुंबईः वन रुपी क्लिनिक ने दिया नया जीवन, रेलवे स्टेशन पर मां की डिलिवरी




**मुंबई।** नेरुल से पनवेल जा रही एक महिला ने पनवेल स्टेशन पर गुरुवार सुबह एक बच्चे को जन्म दिया। खास बात यह रही कि महिला की डिलिवरी में रेलवे के वन रुपी क्लिनिक के डॉक्टर ने रेलवे स्टाफ के साथ मदद की जिससे बच्चे की नॉर्मल डिलिवरी हो सकी। बच्चा और मां दोनों स्वस्थ हैं और उन्हें अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया है।

यह महिला नेरुल से पनवेल ट्रेन से जा रही थी जब रास्ते में उसे प्रसव पीड़ा हो गई। आपात स्थिति में पनवेल स्टेशन पर रेलवे का वन रुपी क्लिनिक काम आया। रेलवे स्टाफ के साथ मिलकर क्लिनिक के डॉक्टर ने महिला की सकुशल डिलिवरी कराई। डिलिवरी के बाद बच्चा और मां दोनों स्वस्थ हैं। बता दें कि सेंट्रल रेलवे पर इमर्जेंसी सेवा के लिए कार्यरत वन रुपी क्लिनिक पर अब तक कई डिलिवरी हो चुकी है। गौरतलब है कि एक सामाजिक कार्यकर्ता की याचिका पर सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट के निर्देश पर राज्य में वन रुपी क्लिनिक के गठन की कवायद शुरू हुई थी। यह क्लिनिक राज्य के कई स्टेशनों पर 24 घंटे यात्रियों को आपात सेवाएं प्रदान करता है।

## मानुषी छिल्लर के पिता से फर्जी ऑनलाइन कंपनी ने ठगे रु. 58,000

**मुंबई।** डिफेंस रीसर्च ऐंड डिवेलपमेंट ऑर्गनाइजेशन साइंटिस्ट और मिस वर्ल्ड, 2017 मानुषी छिल्लर के पिता मित्र बासु छिल्लर से एक फर्जी मूवर्स ऐंड पैकर्स कंपनी ने 58,000 रुपये ठग लिए। छिल्लर को ऑनलाइन यह कंपनी मिली थी। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है और जांच चल रही है। छिल्लर इस साल जुलाई में बांद्रा से अंधेरी शिफ्ट कर रहे थे और इस दौरान उन्हें विक्रोली की एक कंपनी ऑनलाइन मिली।

बासु की शिकायत के मुताबिक कंपनी के एग्जिक्यूटिव ने उनसे कैश ले लिया लेकिन उसके बाद से उससे संपर्क नहीं हो पा रहा है। बांद्रा पुलिस स्टेशन



के एक अधिकारी ने बताया कि कंपनी के एक एग्जिक्युटिव जावेद ने छिल्लर से कहा कि वह उनके घर आकर शिफ्टिंग चार्ज के बारे में बात करेगा। अधिकारी ने बताया, 'छिल्लर ने अपना पता दे दिया। दो दिन के बाद जावेद और एक और शख्स छिल्लर के घर आया। सामान देखने के बाद उन्होंने 75,000 रुपये का खर्च बताया जो मोलभाव के बाद 58,000 पर तय हुआ।' मंगलवार को ब्यूटी कॉन्टेस्ट फेमिना मिस इंडिया का फिनाले है।

इसके पूर्वसंध्या पर अपनी जीत को याद करते हुए मानुषी छिल्लर ने एक तस्वीर शेयर की और लिखा कि एक साल पहले मैंने एक नए सफर की शुरूआत की थी जिसने मेरी जिंदगी बदल दी। जावेद ने पेमेंट कैश या ऑनलाइन ट्रांजैक्शन से मांगी तो छिल्लर ने कैश पेमेंट कर दिया। 7 अगस्त को तय दिन छिल्लर मूवर्स का इंतजार करते रह गए लेकिन कोई हीं आया।

## हाउसफुल-4 के प्रमोशन वाली 'फिल्मी एक्सप्रेस' के लिए रेलवे ने तोड़े नियम

**मुंबई।** वैसे तो रेलवे में टिकट बुकिंग के दौरान सभी कानून कायदों का ध्यान रखा जाता है। यदि आपने आरक्षित टिकट में भूल से अपनी उम्र 30 के बजाय 38 भी लिख दी, तो बेटिकट करार दिए जा सकते हैं लेकिन ये सभी नियम आम लोगों के लिए हैं। मामला यदि स्टार्स से जुड़ा हुआ हों, तो कानून कायदे एक तरफ, निजी फायदा एक तरफ वाली स्थिति होती है। इंडियन रेलवे कैटरिंग ऐंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) द्वारा 16 अक्टूबर 2019 को मुंबई से दिल्ली तक एक प्रमोशनल ट्रेन चलाई गई थी। इस ट्रेन के माध्यम से अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म 'हाउसफुल-4' का प्रमोशन किया गया था।

रिसर्च डिजाइन ऐंड स्टैंडर्ड ऑर्गनाइजेशन (आरडीएसओ) रेलवे की एक इकाई होती है, जो सुरक्षा से संबंधित मानक तय करती है। गहन रिसर्च के बाद सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आरडीएसओ द्वारा मानक किए जाते हैं। इन सेट स्टैंडर्ड को पालन करना रेलवे की ड्युटी है। आरडीएसओ के डिजाइनिंग संबंधित एक मानक आरडीएसओ/2010/सीजी-08 और सीजी-10076 के अनुसार डिब्बे के बाहरी हिस्से पर कोई भी पोस्टर (विनाइल) खिड़की से ऊपरी हिस्से पर पेस्ट नहीं किया जाना चाहिए लेकिन हाउसफुल-4 के लिए चलाई गई ट्रेन में इस नियम को पूरी तरह से ताक पर रखकर अनुमति दे दी गई। आरडीएसओ में वरिष्ठ पद पर काम कर रहे एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि आग लगने की स्थिति में डिब्बे के बाहर चिपकाई गई प्लास्टिक की फिल्म जितनी कम हो, उतना ही ठीक रहता है। अधिकारी ने बताया आरडीएसओ में तो कोच के बाहर रंग लगाने तक के नियम सेट हैं, ऐसे में इस तरह की लापरवाही में कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

16 अक्टूबर को चलाई गई ट्रेन की डील कफउळव और प्रोडक्शन हाउस के बीच में हुई थी। इसके लिए पश्चिम रेलवे के मुंबई डिविजन से अनुमति लेनी होती है। पश्चिम रेलवे द्वारा तय कीमत पर 8 डिब्बे ट्रेन चलाने की अनुमति दे दी गई। इसमें आरडीएसओ से जुड़े सभी मानकों का हवाला दिया गया, जिन्हें तोड़ने का खुलासा नवभारत टाइम्स द्वारा किया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन नहीं हों, इसलिए पश्चिम रेलवे डीआरएम ऑफिस द्वारा 14 अक्टूबर 2019 को एक पत्र द्वारा आईआरसीटीसी वेस्टर्न जोन को सभी नियमों का पालन करने की बात कही गई। इस पर मुंबई डिविजन की सीनियर डीसीएम जागृति सिंगला द्वारा दस्तखत किए गए थे।

## मुंबई में रेप पीड़ितों में 69% नाबालिग



**मुंबई।** जिस महानगर को देश के सबसे सुरक्षित शहरों में गिना जाता है, वहां पिछले चार साल में 22 प्रतिशत रेप के और 51 प्रतिशत छेड़खानी के मामले बढ़े हैं। महत्वपूर्ण यह है कि रेप के पीड़ितों में 69 % नाबालिग हैं। प्रजा फाउंडेशन द्वारा निकाली गई जानकारी में यह बात सामने आई है। नाबालिगों के साथ रेप या छेड़छाड़ केसों में पॉक्सो लगता है।

फाउंडेशन के संस्थापक निताई देसाई ने गुरुवार को बताया कि पॉक्सो के तहत अकेले, 2018-19 में दर्ज यौन अपराधों में 69 पीड़ित 6 साल से कम उम्र के थे। उन्होंने दावा किया कि पॉक्सो केस में 90 % अपराधी पीड़ित के जान-पहचान के निकले। इनमें पिछले एक साल में 14 मामलों में पिता, बेटा और भाई आरोपी निकले, जबकि 39 केसों में पारिवारिक मित्रों ने यौन शोषण किया। 284 केसों में सोशल मीडिया फ्रेंड्स ने रेप किया। देसाई के अनुसार, 'यह कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं है। यह हमारे समाज के लिए आत्मनिरीक्षण का विषय है कि हमारे बच्चों के साथ दुर्व्यवहार जान-पहचान के लोगों द्वारा किया जा रहा है। इस मामले से निपटने के लिए कई स्तरों और मंचों पर तत्काल कदम उठाना जरूरी है।'

# चेतावनी: सोशल मीडिया पर आईएसआई के निशाने पर सुरक्षाबल

## सेना ने वॉट्सएप सेटिंग बदलने को कहा

**नई दिल्ली।** सेना ने अधिकारियों को चेतावनी दी है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी 'आईएसआई' सोशल मीडिया पर सुरक्षाबलों के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है। हाल ही में आईएसआई ने सेना के एक अफसर को पाकिस्तान के संदिग्ध वॉट्सएप ग्रुप में जोड़ लिया था। इसके बाद सेना ने अधिकारियों को वॉट्सएप सेटिंग्स बदलने की सलाह दी है। सेना ने 11 नवंबर को जारी पत्र में कहा- जानकारी मिली है कि पाकिस्तान के संदिग्ध फोन नंबर +9230332569307 ने सेना के एक अधिकारी को वॉट्सएप ग्रुप में जोड़ लिया था। अधिकारी ने बुद्धिमानी का परिचय देते




हुए, ग्रुप छोड़ने से पहले उसका स्क्रीनशॉट ले लिया। अगर अधिकारी के वॉट्सएप सेटिंग्स में अनाधिकृत या अवांछित समूहों को प्रतिबंधित कर दिया जाता, तो यह स्थिति टाली जा सकती थी। सेना ने कहा कि इस घटना से स्पष्ट था कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लोग सेना के अधिकारियों को निशाना बना रहे हैं। पहले भी वॉट्सएप जैसे चैटिंग प्लेटफॉर्म के जरिए सुरक्षाबलों के परिवार की जानकारी जुटाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। सैन्य अधिकारियों और उनके परिवार को अपने वॉट्सएप चैट नंबर की सेटिंग्स बदलकर, उसकी पहुंच केवल कॉन्टेक्ट लिस्ट में शामिल लोगों तक सीमित कर देनी चाहिए।

**सेना के वरिष्ठ अधिकारी और जवान आईएसआई के हनी-ट्रेप का शिकार हुए:** सेना की एडवाइजरी में कहा गया कि आईएसआई के जासूस, खुफिया और संवेदनशील जानकारी हासिल करने के लिए जवानों और अधिकारियों से चैटिंग करते हैं। हाल ही में सेना के 2 जवानों को सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी जासूसों ने हनी-ट्रेप किया था। पिछले कुछ सालों में भी ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जब सेना के वरिष्ठ अधिकारियों तक को इन जासूसों ने अपने जाल में फंसा लिया था।

## जलगांव में आयुध कारखाने में विस्फोट, तीन घायल

**संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव जिले में एक आयुध कारखाने में शुक्रवार को हुए विस्फोट में कम से कम तीन व्यक्ति घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना वारनगांव स्थित आयुध कारखाने में सुबह लगभग 9.45 बजे हुई, जिसमें तीन कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को जलगांव शहर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया और उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि विस्फोट के सही कारण का पता अभी तक नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आयुध कारखाने में भारतीय सशस्त्र बलों के लिए हथियार समेत युद्ध सामग्री का निर्माण किया जाता है।

## प्रसिद्ध मराठी पत्रकार नीलकंठ खाडिलकर का 86 साल की उम्र में मुंबई में निधन

**संवाददाता**

**मुंबई।** प्रसिद्ध मराठी पत्रकार नीलकंठ खाडिलकर का लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार तड़के मुंबई में निधन हो गया। वह 86 साल के थे। खाडिलकर के परिवार के एक सदस्य ने कहा कि पत्रकार नीलकंठ ने लीलावती हॉस्पिटल में तड़के लगभग 1.20 बजे अंतिम सांस ली। वह लगभग 100 पुराने मराठी अखबार 'नवाकाल' के संपादक थे। खाडिलकर के परिवार में उनकी पत्नी मंदाकिनी और तीन बेटियां हैं। सभी तीनों बेटियां



भारत की लीजेंड्री चेस चैंपियन हैं। परिवार के एक सदस्य ने कहा कि खाडिलकर का शव आम लोगों के अंतिम दर्शन के लिए दोपहर 12 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक गिरगांव स्थित नवाकाल प्रेस में रखा जाएगा। बाद में अपराह्न लगभग तीन बजे उनकी शवयात्रा शुरू होगी और मरीन लाइंस स्थित चंदनवाड़ी श्मशान में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने खाडिलकर को श्रद्धांजलि दी और पत्रकारिता में उनके लंबे और शानदार योगदान को याद किया।

(पृष्ठ 1 का शेष)

### एनसीपी चीफ शरद पवार का ऐलान

कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चह्वाण ने कहा- राकांपा और कांग्रेस ने शिवसेना के साथ मुंबई में बात की। सरकार गठन करने के बारे में जो भी मसले थे, उन पर चर्चा हुई। यह सरकारात्मक थी, बातचीत अभी पूरी नहीं हुई है। कल बातचीत पूरी हो जाएगी। संजय राउत ने कहा कि मुख्यमंत्री पूरे 5 साल के लिए शिवसेना का ही होगा। शिवसैनिकों की इच्छा है कि उद्धव ठाकरे जी यह पद संभालें। भाजपा की ओर से ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्री का प्रस्ताव मिलने के दावे को राउत ने खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि अब वह हमें इंद्र का सिंहासन भी दें तो उनके साथ सरकार नहीं बनाएंगे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि राकांपा-शिवसेना और कांग्रेस का गठबंधन अवसरवादिता वाला है और इनकी सरकार शायद ही 6-7 महीने चल पाए। विचारधारा के लिहाज से अलग-अलग पार्टियां केवल भाजपा को सत्ता से बाहर रखने के लिए एकसाथ आ रही हैं, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। मुझे शक है कि क्या सरकार बनेगी और अगर बन भी जाती है तो यह कितने दिन चलेगी। गडकरी से जब पूछा गया कि अगर तीनों दल सरकार बनाने में असफल रहे तो भाजपा क्या करेगी। उन्होंने कहा कि क्रिकेट और राजनीति में कुछ भी संभव है। आगे का फैसला भाजपा करेगी। सूत्रों के मुताबिक, तीनों दलों में मंत्री पदों का समान बंटवारा होगा। पहले कहा जा रहा था कि चार विधायकों पर एक मंत्री पद दिया जाएगा, लेकिन कांग्रेस का प्रस्ताव था कि मंत्री पदों का समान बंटवारा हो। बताया जा रहा है कि बाद में तीनों दलों में इस पर सहमति बन गई है। हालांकि सत्ता के बंटवारे फॉमूर्ला की अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई। शिवसेना और राकांपा के बीच मुख्यमंत्री पद ढाई-ढाई साल बांटे जाने की भी खबर है। हालांकि, इस बारे में भी कोई अधिकृत पुष्टि नहीं है। कांग्रेस नेता विजय वड्टेटीवार का एक बयान जरूर सामने आया है जिसमें उन्होंने कहा है कि महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री शिवसेना का ही होगा।

### महाराष्ट्र में मौकापरस्ती नहीं टिकेगी: गडकरी

उन्होंने यह भी कहा कि शिवसेना और बीजेपी का गठबंधन ना होना देश, विचारधारा, हिंदुत्व और महाराष्ट्र के लिए नुकसानदायक है। कांग्रेस-एनसीपी और शिवसेना के बीच होने जा रहे गठबंधन पर टिप्पणी करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, इनके बीच वैचारिक तालमेल नहीं है। शिवसेना जिस विचारधारा पर चलती है, कांग्रेस उसका पूरी तरह से विरोध करती है। कांग्रेस जिस विचारधारा पर चलती है, उसका शिवसेना विरोध करती है। एनसीपी भी शिवसेना के विचारों से तालमेल नहीं रखती है। उन्होंने आगे कहा, विचारों और सिद्धांतों के आधार पर यह गठबंधन नहीं हुआ है। यह मौकापरस्ती का गठबंधन है। यह टिकेगा नहीं और महाराष्ट्र में स्थिर सरकार भी नहीं दे पाएगा। इसमें महाराष्ट्र का काफी नुकसान होगा। मुझे लगता है कि महाराष्ट्र के लिए अस्थिर सरकार अच्छी बात नहीं है। शिवसेना के साथ गठबंधन होने के बावजूद बीजेपी सरकार क्यों नहीं बना पाई, इसपर गडकरी ने कहा, इतिहास तो सबको पता है। प्रश्न यह है कि बीजेपी और शिवसेना का जो गठबंधन था, वह हिंदुत्व के विचारों पर आधारित था। इसलिए यह देश में सबसे लंबा अलायंस साबित हुआ है। आज भी हमारे विचारों में मतभिन्नता नहीं है। इसलिए ऐसे गठबंधन का न रहना, देश के लिए विचारधारा के लिए, हिंदुत्व के लिए और विशेष रूप से महाराष्ट्र और मराठी मानुष के लिए नुकसानदायक है।

### मॉब लिंचिंग: पश्चिम बंगाल में भीड़...

ग्रामीणों ने दोनों की जमकर पिटाई की और पिकअप वैन को भी जला दिया। पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को भीड़ से बचाया और कूचबिहार के अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। गांव के मुखिया अलिना यास्मीन ने कहा, हमें स्थानीय लोगों ने दोपहर में घटना की जानकारी दी। अगले दिन हमें मौके पर जली हुई पिकअप वैन मिली। गांव में जानवर चोरी का हमेशा डर बना रहता है। हालांकि ये पहला मौका है, जब दो लोगों को चोरी के शक में जान गंवानी पड़ी।









# आधार कानून

## कंपनियों को आधार डाटा के उपयोग की अनुमति देने के लिए हुए संशोधन पर केंद्र जवाब दे: सुप्रीम कोर्ट



**सुप्रीम कोर्ट** ने आधार कानून में किए गए संशोधन पर केंद्र सरकार और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) को शुक्रवार को नोटिस जारी किया। इस साल हुए संशोधन के बाद से निजी कंपनियां उपभोक्ताओं की मर्जी से दी गई आधार जानकारी का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे पहले उपभोक्ताओं के किसी भी आधार विवरण का कंपनियां इस्तेमाल नहीं कर सकती थी। चीफ जस्टिस एसए बोबडे और जस्टिस बीआर गवई की बेंच ने आधार अध्यादेश के खिलाफ दायर एक अन्य याचिका पर भी साथ-साथ सुनवाई करने पर सहमति दी। पूर्व सैन्य अधिकारी एसजी वोंबटकेरे और मानवाधिकार कार्यकर्ता बेजवाडा विल्सन ने याचिका दायर कर आधार कानून में संशोधन की संवैधानिकता को चुनौती दी थी। सितंबर 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में आधार को संवैधानिक माना था, लेकिन निजी कंपनियों को आधार डाटा का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी थी।

### संशोधन सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अनदेखी: याचिकाकर्ता

सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय बेंच ने 2018 में कहा था कि निजी कंपनियों को आधार का डाटा दिया जाएगा, तो वे नागरिकों की प्रोफाइलिंग करके निजी जानकारी इकट्ठा करने की कोशिश करेंगी। इसे कोर्ट ने निजता का उल्लंघन माना था। इसी आधार पर याचिकाकर्ताओं ने संशोधन को चुनौती दी। याचिका के मुताबिक, केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को दरकिनार कर आधार कानून में संशोधन किया है।

### जून में लोकसभा में पेश किया गया आधार संशोधन विधेयक

केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने इस साल जून में लोकसभा में आधार और अन्य कानून संशोधन विधेयक पेश किया था। विधेयक पारित होने के बाद फिलहाल नया आधार कानून प्रभावी है। इसके तहत उपभोक्ता की मर्जी से सौंपी गई जानकारियां का उपयोग निजी कंपनियां कर सकती है। आम तौर पर कंपनियां आधार डाटा का उपयोग उपभोक्ताओं के बारे में दी गई जानकारी की पुष्टि करने के लिए करती हैं।

# जयपुर के मयंक देश में सबसे कम उम्र के जज बनेंगे

## 21 साल की उम्र में उपलब्धि हासिल की



**राजस्थान** के 21 साल के मयंक प्रताप सिंह देश के सबसे कम उम्र के जज बनेंगे। उन्होंने राजस्थान न्यायिक सेवा (आरजेएस) 2018 की परीक्षा में 197 अंकों के साथ टॉप किया। जयपुर के मयंक ने महज 21 साल 10 महीने 9 दिन की उम्र में यह परीक्षा पास की। यह उनका पहला प्रयास था। परीक्षा में शामिल होने के लिए न्यूनतम उम्र पहले 23 साल थी, जिसे इसी साल घटाकर 21 किया गया। न्यायिक सेवा की आरजेएस मुख्य परीक्षा 2018 का परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया था। टॉप-10 अभ्यर्थियों में पहले और 10वें स्थान को छोड़कर बाकी 8 पर लड़कियों ने कब्जा किया है। मयंक पहले (197 अंक) और दूसरे पर तन्वी माथुर (187.5 अंक) रहीं। तन्वी महिला वर्ग में पूरे प्रदेश में अव्वल रही हैं। इंटरव्यू में शामिल हुए 499 अभ्यर्थियों में से 197 सफल घोषित किए गए। मयंक ने 2014 में राजस्थान विश्वविद्यालय में दाखिला लिया था। इसी साल उन्होंने 5 साल का एलएलबी कोर्स पूरा किया। मयंक का कहना है कि सिलेक्शन तो तय था, लेकिन टॉप करूंगा, ये नहीं सोचा था। मयंक के पिता राजकुमार सिंह और माता डॉ. मंजू सिंह टीचर हैं। मयंक के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी खास है कि उनके परिवार में लीगल फील्ड में जाने वाले वह पहले व्यक्ति हैं। वे कहते हैं, 'देश में न्यायाधीशों की कमी के कारण ज्यूडीशियल सर्विस के प्रति हमेशा से ही मेरा रुझान रहा।' मयंक ने रोजाना 5 से 7 घंटे की पढ़ाई की। उन्हें फ्री टाइम में उपन्यास पढ़ने का भी शौक है।

### परिवार की वजह से सफलता मिली

**मयंक ने बताया कि परीक्षा में 23 की जगह 21 साल की उम्र तय होने से मुझे जल्द करियर शुरू करने को मौका मिला और मैं सबसे कम उम्र में इस सेवा में आ सका। वे कई एनजीओ से जुड़े हैं। वह अपनी सफलता का श्रेय परिवार, शिक्षकों और सहयोगियों को देते हैं।**

# यूके इंडिया कौंसिल ने 2019 की सालाना रिपोर्ट पेश की




**यूके** इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूकेआईबीसी) ने भारत में व्यवसाय करने को लेकर अपनी 5 वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। यह रिपोर्ट काफी चर्चाओं के बाद तैयार की गयी है,इसमें वाणिज्य मंत्री श्री पियूष गोयल के साथ लंदन में हुयी, राउंड टेबल और उस सर्वेक्षण की भी चर्चा है साथ ही ब्रिटेन की कंपनियों और उच्चस्तरीय शैक्षणिक संस्थानों को भी स्थान दिया गया है जिसमें भारत में काम करने के वातावरण और उनकी सुधार प्राथमिकताओं की बात कही गयी है।

कुलमिलाकर सर्वेक्षण के प्रतिवादियों ने भारत के विषय में सकारात्मक जवाब दिए, इनमें 56% प्रतिशत लोगों का उत्तर था कि भारत में व्यवसाय करना आसान हो रहा है और सिर्फ 21 ने सुधारों को लेकर असंतोष व्यक्त किया।

इस रिपोर्ट का सबसे सकारात्मक सन्देश, श्री मोदी की सरकार के विषय में यह है कि इसमें भ्रष्टाचार में भारी गिरावट दिखाई गई है। यूकेआईबीसी ने जब अपनी भारत में व्यवसाय करने की परिस्थितयों को लेकर 2014 में अपनी पहली रिपोर्ट प्रस्तुत की थी तो लगभग 50% प्रतिवादियों ने काम में आने वाली रूकावटों में भ्रष्टाचार को सबसे प्रमुख बताया था। इस आंकड़ें में क्रमशः सुधार आता गया है और इसमें 2019 तक 17.5 % की गिरावट आयी है। यह स्पष्ट है कि अभी भी भ्रष्टाचार के सभी तरीकों पर अंकुश नहीं लग पाया है लेकिन इसमें लगातार सकारात्मक ढंग से गिरावट आयी है। यूकेआईबीसी के प्रबंध निदेशक, श्री केविन मकोल ने अपनी रिपोर्ट एमआईडीसी के सीईओ, डॉ. पी अन्बलगन को भेंट करते हुए कहा कि, इस बात में अब कोई शक नहीं है कि व्यवसाय करने की सरलता के मामले में महाराष्ट्र के बाकी राज्यों को पीछे छोड़ दिया है या फिर ब्रिटेन के कारपोरेट जगत के लोगों का यह मनपसंद गंतव्य बन गया है।

जिस तरह से राज्य सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में ब्रिटेन के व्यवसायियों को अपनी और आकर्षित किया है वह तारीफ के काबिल है, विशेषकर यह सरकार व्यवसाय को आसान बनाने के मुद्दों को सुलझाने में काफी सक्रीय रही है।

# शीत सत्र: संसद में प्रदूषण और प्लास्टिक के मुद्दे पर चर्चा, जावड़ेकर बोले- सभी लोग 7 पेड़ लगाएं, इससे ऑक्सीजन बैंक बनेगा

**केंद्र** सरकार ने ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगाने के लिए लोकसभा में शुक्रवार को बिल पेश किया। यह विधेयक 18 सितंबर को आए अध्यादेश का स्थान लेगा। बिल पेश करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने बताया कि ई-सिरगेट बेचने, रखने और इसका विज्ञापन करने पर 3 साल तक की सजा के साथ 5 लाख तक के जुर्माने का प्रावधान है। वहीं, दोनों सदन में पर्यावरण, प्रदूषण और प्लास्टिक के मुद्दे पर लंबी चर्चा हुई। पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि सभी लोग कम से कम 7 पेड़ लगाएं। इससे हमारे आसपास ऑक्सीजन बैंक बनेगा। इसबीच, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल



ने बताया कि लोकसभा में अगले हफ्ते एसपीजी एक्ट में संशोधन पर चर्चा होगी। कांग्रेस समेत विपक्ष ने राज्यसभा में इलेक्टोरल बॉन्ड के मुद्दे पर नारेबाजी की, लेकिन सभापति वेंकैया नायडू ने इस पर चर्चा से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि मैंने इस मुद्दे को देखा है, लेकिन इसके लिए सदन की कार्यवाही रोकने की जरूरत नहीं है। उधर, लोकसभा में भी विपक्ष ने इलेक्टोरल बॉन्ड और सरकारी कंपनियों (पीयूसी) के निजीकरण का मुद्दा उठाया। इससे पहले कांग्रेस सांसदों ने संसद परिसर में बॉन्ड स्कीम में पारदर्शिता की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने इसे बड़ा घोटाला और भाजपा के द्वारा भ्रष्टाचार छिपाने का जरिया करार दिया था। शशि थरूर ने कहा था- कोई भी अमीर और कारोबारी बॉन्ड के जरिए सत्ताधारी दल को चंदा देकर सरकार में दखल दे सकता है।

**देश में रोजाना 25 हजार टन से ज्यादा प्लास्टिक कचरा निकलता है:** केंद्र सरकार ने चर्चा के दौरान लोकसभा में बताया कि भारत में रोजाना 25 हजार टन से ज्यादा प्लास्टिक कचरा निकलता है। जिसमें से करीब 40% एकत्रित नहीं हो पाता और यह कूड़े के रूप में पड़ा रहता है। स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा- यह सदन 130 करोड़ देशवासियों का प्रतिनिधित्व करता है। मुझे लगता है कि पूरा सदन सिंगल यूज प्लास्टिस के इस्तेमाल पर रोक लगाने पर सहमत है। अगर सांसद खुद संकल्प लेंगे तो पूरे देश के लोग उनसे प्रभावित होंगे। वहीं, भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने राजस्थान की सांभर झील के आसपास 17 हजार पक्षियों की मौत का मुद्दा उठाया। उन्होंने इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

# आश्रम में बच्चों को बंधक बनाने का आरोपी नित्यानंद विदेश भागा, पुलिस एजेंसियों के संपर्क में

**विवादित** स्वयंभू बाबा नित्यानंद देश छोड़कर फरार हो गया है। उसके कैरिबियाई देश त्रिनिदाद एंड टोबैगो में होने की बात कही जा रही है। गुजरात पुलिस ने आश्रम में नाबालिग लड़के-लड़कियों को बंधक बनाने के आरोप में उसके खिलाफ केस दर्ज किया है। आश्रम से दो महिला कर्मचारियों की गिरफ्तारी और उनसे पूछताछ के बाद नित्यानंद के देश छोड़ने की पुष्टि हुई है।

पुलिस ने उसके प्रत्यर्पण के लिए विदेश मंत्रालय और एजेंसियों से संपर्क करने की बात कही है। आरोपी नित्यानंद के खिलाफ कर्नाटक में भी दुष्कर्म का केस दर्ज है। हालांकि, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने गुरुवार को कहा कि नित्यानंद के भारत से भागने की फिलहाल पुलिस या गृह मंत्रालय की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। वह किस देश में इसका भी पता नहीं है। हमें उसकी लोकेशन और नागरिकता के बारे में जानकारी जुटाना होगा। इसके बाद ही नित्यानंद को वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर पाएंगे। नित्यानंद पर अनुयायियों से योगिनी सर्व ज्ञानपीठ आश्रम चलाने के लिए चंदा जुटाने में बच्चों का गलत इस्तेमाल और उन्हें बंधक बनाकर रखने का आरोप है। अहमदाबाद के जर्नादन शर्मा ने उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें उन्होंने कहा कि मेरी बेटी आश्रम में



बंधक है। इसके बाद पुलिस ने बुधवार को नित्यानंद के आश्रम पर छापेमारी कर दो नाबालिगों को छुड़ाया। आश्रम की दो महिला प्रशासक भी गिरफ्तार की गईं। आश्रम से कई लैपटॉप, मोबाइल और अन्य सामान जब्त किया था। अहमदाबाद के एसपी (ग्रामीण) आरवी असारी ने बताया कि नित्यानंद देश में नहीं है, उसे तलाशने में वक्त जाया करने के बजाय हम उसे कानूनी तरीके से विदेश से हिरासत में लेने की प्रक्रिया अपनाएंगे। उसे जल्द पकड़कर भारत लाएंगे। उसकी दो सहयोगियों हरिणी चेलप्पन उर्फ मां नित्य प्राणप्रिया नंदा (30) और रिद्धि रविकिरण उर्फ मां नित्य प्रियातत्वा नंदा (24) को कोर्ट में पांच दिन की रिमांड पर भेजा है। बच्चों को बंधक बनाने, उनसे दुर्व्यवहार के मामले में दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक हितेश पुरी समेत दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है।

डीएसपी के टी कामरिया ने बताया कि डीपीएस स्कूल से जुड़े ट्रस्ट कैलोरेक्स एजुकेशन ने आश्रम के स्कूल को अपनी जमीन बिना पुलिस को जानकारी दिए लीज पर दे दी थी। इस मामले में पुरी और पुष्प सिटी में आश्रम की महिलाओं को मकान देने पर मैनेजर बकुल ठक्कर को पकड़ा है। अहमदाबाद में नित्यानंद के आश्रम को जमीन देने के मामले में भी सीबीएसई ने स्कूल से रिपोर्ट तलब की है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# अपनी फसल अब खुद निर्यात करेंगे यूपी के किसान

**लखनऊ।** यूपी के किसान और छोटे उद्यमी अब बिचौलियों के चंगुल से निकलकर खुद अपनी फसल का निर्यात करेंगे। उनके प्रॉडक्ट को प्राइमरी प्रॉसेसिंग के बाद यूरोपियन देशों में पहुंचाया जाएगा। इसके लिए सरकार किसानों और उद्यमियों को सब्सिडी भी देगी। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की ओर से कई किसानों और उद्यमियों को प्रशिक्षित भी किया जा रहा है। इनका जल्द ही रजिस्ट्रेशन भी करवाया जाएगा।

यूपी के किसान और छोटे उद्यमी जल्द ही एक्सपोर्टर की भूमिका में भी नजर आएंगे। निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण डॉ. एसबी शर्मा ने बताया कि अब तक किसान और छोटे उद्यमी अपना प्रॉडक्ट सिर्फ तैयार करते थे। उनके प्रॉडक्ट का निर्यात दूसरे



लोग करते थे। इस वजह से उन्हें प्रॉडक्ट की काफी कम कीमत मिलती थी।

**खुद करेंगे अब निर्यात**

सरकार अब प्रॉडक्शन करने वालों को ही उनके प्रॉडक्ट के निर्यात के लिए तैयार करने जा रही है। वह खुद अपना प्रॉडक्ट तैयार करेंगे और खुद ही निर्यात भी करेंगे। इसके लिए उन्हें प्रॉडक्ट की प्राइमरी प्रॉसेसिंग के लिए वेयर हाऊस उपलब्ध करवाया जाएगा। प्रॉडक्ट की प्राइमरी प्रॉसेसिंग के लिए अन्य इकाइयों की मदद ली जाएगी।

**पेस्टीसाइड रहित प्रॉडक्ट का होगा निर्यात**

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के उपनिदेशक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि यूरोपियन देशों में निर्यात की योजना बनाई गई है। इन देशों में पेस्टीसाइड रहित प्रॉडक्ट की ही डिमांड है। इसीलिए आम, आलू, स्ट्राबेरी, हरी मटर और चावल के निर्यात की तैयारी करवाई जा रही है। इच्छुक किसानों व उद्यमियों को प्रशिक्षण देने के लिए इंडिया फूड एक्सपो में शामिल हो चुके दो विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है। लखनऊ में मलिहाबाद, इटावा, मैनपुरी और बाराबंकी के आधा दर्जन से अधिक किसानों को प्रशिक्षण दिया गया है। अगला प्रशिक्षण कार्यक्रम वाराणसी में आयोजित किया जाएगा।

**मॉस्को और रीगा जाएगा मलिहाबाद का आम**

मॉस्को और रीगा में भारत के काफी लोग रहते हैं। वहां मलिहाबाद के आम और यूपी के आलू की काफी डिमांड है। इसीलिए आम और आलू की वैकुम स्लाइस तैयार कर उसकी पैकिंग करवाकर उसे भेजा जाएगा। वैकुल स्लाइस बनवाने के लिए लखनऊ के एक इंस्टिट्यूट से उद्यान प्रसंस्करण विभाग संपर्क कर रहा है।

मंडी परिषद करेगा प्रॉडक्ट का ब्रैंड प्रमोशन किसानों और उद्यमियों के प्रॉडक्ट का यूरोपियन देशों में प्रमोशन करने में मंडी परिषद भी मदद करेगा। मंडी परिषद इसके लिए कार्ययोजना तैयार कर रहा है। यूपी में तैयार किए गए प्रॉडक्ट्स के निर्यात प्रोत्साहन के लिए एफओबी (फ्लोट ऑन बोट) मूल्य का 20 प्रतिशत (अधिकतम 20 लाख रुपये) प्रति वर्ष की दर से तीन साल तक सरकार की ओर से अनुदान भी दिया जाएगा।

**नमूने भेजने से लेकर उत्पाद पहुंचाने तक में होगी मदद**

उत्पाद का नमूने विदेशों में भेजने में भी सरकार मदद करेगी। प्रॉडक्शन यूनिट लगाने वाले को नमूना भेजने के लिए अधिकतम दो लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा। इसके अलावा निर्यात के लिए उत्पाद को एयरपोर्ट/समुद्री पोर्ट तक पहुंचाने में होने वाले खर्च का 25 प्रतिशत सरकार तीन वर्ष तक अनुदान के रूप में देगी।

# यूपी में धर्मांतरण के बाद 'घर वापसी' अब अपराध नहीं!

**लखनऊ।** योगी सरकार ने अगर राज्य विधि आयोग के प्रस्ताव को माना तो धर्मांतरण के लिए शादी करने पर सात साल की सजा हो सकती है। यही नहीं धर्मांतरण के लिए की गई शादी को फैमिली कोर्ट अवैध घोषित कर सकता है। आयोग ने मुख्य रूप से अपने प्रस्ताव में कहा है कि यदि किसी व्यक्ति ने कुछ साल पहले धर्म परिवर्तन करके कोई और धर्म अपना लिया था और अब वह घर वापसी (अपने पुराने धर्म में दोबारा वापसी) करना चाहता है तो उसे अपराध नहीं माना जाएगा।

आयोग ने यह भी सिफारिश की है कि अगर कोई भी व्यक्ति धर्मांतरण करना चाहता है तो वह पहले जिलाधिकारी या उसके द्वारा नामित अपर जिलाधिकारी को एक महीने पहले शपथ पत्र देगा कि वह धर्मांतरण करना चाहता है। यह भी घोषित करना होगा कि यह धर्मांतरण छल, जबरन या की प्रभाव में नहीं किया जा रहा है। इसके लिए डीएम कार्यालय में यहां प्रस्तावित फार्म में यह घोषणा करनी होगी। इसमें धर्मांतरण कराने वाले धर्मगुरु को भी डीएम के यहां प्रस्तावित फार्म भरकर एक





महीने की नोटिस देनी होगी। जिलाधिकारी सभी दी गई जानकारियों की पुलिस के जरिए छान-बीन करेगा और अगर वह पुलिस रिपोर्ट से संतुष्ट होता है कि धर्मांतरण के पीछे कोई छल, पैसा या जबर्दस्ती नहीं शामिल है, तभी वह आगे की अनुमति दे सकता है।

इससे पहले उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग ने धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर ड्रॉफ्ट सीएम योगी आदित्यनाथ को सौंप दिया है। गुरुवार को आयोग के अध्यक्ष एएन मित्तल ने सीएम से उनके आवास पर मिलकर यह ड्रॉफ्ट सौंपा। ड्रॉफ्ट में धर्मांतरण कराने पर सख्त सजा की सिफारिश की गई है। इसमें सात साल तक जेल और आर्थिक दंड भी प्रस्तावित है।

इस पूरी प्रक्रिया को धर्म परिवर्तन कानून के दायरे में नहीं माना जाएगा। आयोग के अध्यक्ष ने इसके लिए मुख्यमंत्री को एक चिट्ठी भी लिखी है, जिसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने खुद 13 दिसंबर, 2014 को एक साक्षात्कार में कहा था कि घर वापसी के लिए किए जा रहे प्रयास सर्वथा उचित हैं। आयोग ने अपने प्रस्ताव में विधानसभा में इस पर उठे सवालों, उनके जवाबों को भी शामिल किया है।

ड्राफ्ट में आयोग ने साफ कहा कि है धर्मांतरण अगर जबरन, छल, फ्रॉड करके किया गया तो उस पर एक साल से अधिकतम पांच साल तक की सजा हो सकती है। अगर यही धर्मांतरण शादी के लिए, किसी दलित या आदिवासी का और किसी बच्चे का किया गया है तो उस पर यह सजा बढ़कर सात साल तक हो सकती है। कानून में यह भी प्रावधान होगा कि पीड़ित के परिवार का कोई भी व्यक्ति या रक्त संबंधी, जिसमें उसके माता-पिता, भाई-बहन कोई भी उसके पक्ष में शिकायत दर्ज करा सकता है।

## वायु प्रदूषण से निपटने के लिए विधायी रास्ता अपनाए सरकार : थरूर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने वायु प्रदूषण की विभीषिका से मिलकर निपटने पर जोर देते हुए सरकार से विधायी रास्ता अपनाने एवं नई राष्ट्रीय स्वच्छ हवा नीति पर लागू करने पर जोर दिया । लोकसभा में वायु प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन पर नियम 193 के तहत चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा, 'वायु प्रदूषण आज एक ऐसी समस्या बन गया है जिसे नजरंदाज नहीं किया जा सकता । यह सिर्फ दिल्ली, हरियाणा या पंजाब की समस्या नहीं है बल्कि इसके दायरे में पूरा देश आ गया है ।'

उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण के गंभीर प्रभाव पड़ रहे हैं, इसके आर्थिक प्रभाव है, जीडीपी पर इसका प्रभाव है और इसके कारण श्रम दिवस में लगातार गिरावट आ रही है । इसके कारण लोगों के जीवन पर पड़ने वाला प्रभाव अत्यंत गंभीर है । थरूर ने कहा कि वायु प्रदूषण के कारण स्कूली बच्चों के फेफड़े पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि वायु प्रदूषण की विभिषीका से मिलकर निपटने की जरूरत है और इसके लिए मजबूत इच्छा शक्ति के साथ विधायी रास्ता अपनाया जाए और नई राष्ट्रीय स्वच्छ हवा नीति लागू की जाए । बीजेपी के राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान आपदा प्रबंधन से निपटने में सक्षम आधारभूत ढांचे के लिए गठबंधन के विचार को आगे बढ़ाया ।इस विषय पर चर्चा की जानी चाहिए । रूडी ने कहा कि जहरीली होती हवा को कम करने के लिए बार-बार सुप्रीम कोर्ट को निर्देश देना पड़ता है, इससे चिंता होती है कि हम इस काम में कहीं चूक गए। उन्होंने मांग की कि संसद में एयर प्यूरीफायर लगाया जाए ताकि सांसद भी हवा में प्रदूषण के स्तर से वाकिफ रहें।

## नौकरी के नाम पर भाई-बहन से चार लाख की ठगी

**लखनऊ।** लखनऊ मेट्रो और सिविल अस्पताल में नौकरी दिलाने के नाम पर भाई-बहन से चार लाख रुपये की ठगी की गई। ठगी करने का आरोप विशेष सुरक्षा वाहिनी में तैनात महिला और उसके भतीजे पर लगा है। इस संबंध में पीजीआई पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने इस मामले में आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

पीजीआई हैवतमऊ निवासी कुलदीप यादव के साथ एलडीए कॉलोनी निवासी जीतेश भास्कर पढ़ता था। कुछ वक्त पहले जीतेश ने लखनऊ मेट्रो और सिविल अस्पताल में नौकरी निकलने की जानकारी दी थी। उसने बताया था कि रुपये खर्च करने पर नियुक्ति हो सकती है। इस बीच जीतेश ने उनकी मुलाकात फतेहगढ़ निवासी उर्मिला से करवाई, जो रिश्ते में जितेंद्र की बुआ लगती हैं। वहीं, उर्मिला ने कुलदीप को बताया था कि वह विशेष सुरक्षा वाहिनी में तैनात हैं और शासन में उनकी अच्छी पकड़ है। इसलिए नौकरी लगने में कोई दिक्कत नहीं होगी। भरोसे में आकर कुलदीप ने अपनी और अपनी बहन प्राची की नौकरी लगवाने की बात तय की थी।

## तीन तलाक पीड़िताओं को आयुष्मान योजना का लाभ

**लखनऊ।** गरीब मरीजों के अलावा अब तीन तलाक पीड़िताओं को भी प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान योजना) और मुख्यमंत्री जन आरोग्य का लाभ मिलेगा। प्रमुख सचिव ने तीन तलाक पीड़ितों को इस योजना से जोड़ने का निर्देश सीएमओ को दिया है। सीएमओ पीड़ितों का डेटा तैयार करके उसकी रिपोर्ट डीएम को भेजेंगे। इसके बाद उनको दोनों योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

लखनऊ में 2.79 लाख लोग आयुष्मान भारत योजना से जुड़े हुए हैं। इसमें से अब तक करीब 16 हजार मरीजों को योजना का लाभ भी मिल चुका है। अफसरों के मुताबिक, 2011 जनगणना के अनुसार गरीबी रेखा से नीचे मरीजों को योजना का लाभ मिल रहा था। सीएमओ डॉ. नरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात आशा बहू और एएनएम को निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र में तीन तलाक पीड़ितों का डेटा जुटाएं। ये रिपोर्ट डीएम को सौंपी जाएगी। प्रदेश में गोल्डन कार्ड बनाने में पिछले महीने लखनऊ 7वें स्थान पर था। लेकिन शासन के फटकार के बाद सीएमओ ने गोल्डन कार्ड बनाने में तेजी दिखाई। नतीजन इस महीने लखनऊ 5वें स्थान पर है। एसीएमओ डॉ. अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक 1 लाख 78 हजार लाभार्थियों का गोल्डन कार्ड बनाया जा चुका है। वहीं, गोल्डन कार्ड बनाने में बिजनौर नंबर वन पर है।

# विदेश नहीं, भारत की हैं ये सबसे अलग और सुंदर तस्वीरें

दुनियाभर के लोग प्राकृतिक सुंदरता को देखने के लिए विदेश जाते हैं। लेकिन यहां हम आपको नॉर्थ-ईस्ट इंडिया की ही कुछ बेहद खूबसूरत तस्वीरें दिखा रहे हैं, जिसे देखने के बाद आप भी वाह-वाह कर उठेंगे। पहली तस्वीर अरुणाचल प्रदेश की है, जिसमें शाम के समय ब्रह्मपुत्र नदी में एक मछुआरा मछली मार रहा है।



**गंगटोक में गॉन्डोला राइड**
सिक्किम की राजधानी गंगटोक में शाम के समय पर्यटक रोपवे केबल कार/गॉन्डोला की सवारी का आनंद लेते हैं। इस तस्वीर में गंगटोक की सुंदरता देखते ही बन रही है।

**जूखू वैली, नगालैंड**
नगालैंड की जूखू वैली अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए प्रसिद्ध है। कभी बेजान और निर्जन मानी जाने वाली इस वैली में अब हरे-भरे पहाड़, नीला आकाश और बीच से अटखेलियां करती हुई गुजरती नदी को देखकर लगता है कि जन्नत में पहुंच गए हैं। ट्रेकिंग के शौकीन लोगों के लिए यह एक बेहतरीन जगह है।

**असम की लाइफलाइन ब्रह्मपुत्र**
ब्रह्मपुत्र नदी असम की लाइफलाइन है। लोग इसका उपयोग परिवहन और आजीविका के लिए करते हैं। साथ ही लोग इसकी पूजा भी करते हैं। इसकी प्राकृतिक सुंदरता देखकर कोई भी मंत्रमुग्ध हो सकता है।

**क्रांग सुरी फॉल्स, मेघालय**
मेघालय के वेस्ट-जैंतिया हिल्स जिले में स्थित है क्रांग सुरी फॉल्स। साफ नीले पानी और चारों ओर हरियाली से घिरा यह फॉल मेघालय के सबसे सुंदर झरनों में से एक है।

**नरनारायण सेतु, असम**
यह असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर बने नरनारायण सेतु का दृश्य है। यह पूल असम के बंगाईगांव जिले में स्थित जोगीघोपा शहर और गोवालपारा जिले के पांचरत्ना को जोड़ता है।

**नॉहकलिकई फॉल्स, मेघालय**
मेघालय में स्थित नॉहकलिकई फॉल्स भारत का 5वां सबसे ऊंचा वॉटरफॉल है। यह चेरापूंजी से करीब 7 किमी दूर स्थित है।

**ओल्ड सिल्क रूट, जुलुक, सिक्किम**
यह तस्वीर सिक्किम से होकर गुजरे वाले ओल्ड सिल्क रूट की है। 1600 साल पहले चीनी विद्वान फाह्यान बौद्ध धर्म के बारे में जानने के लिए भारत आए थे। जिस रास्ते से वह आए थे, उसे ही आगे चलकर सिल्क रूट कहा गया।

वनलाईफाई के धान के खेत, मिजोरम
मिजोरम के सेरछिप जिले का एक शहर है उत्तर वनलाईफाई। इस तस्वीर में आप उत्तर वनलाईफाई के खूबसूरत धान के खेत देख सकते हैं।

**तवांग मठ, अरुणाचल प्रदेश**
हिमालय की खूबसूरत वादियों के बीच स्थित तवांग बौद्ध मठ विश्वभर में प्रसिद्ध है। यह विश्व का सबसे बड़ा बौद्ध मठ कहलाता है। अरुणाचल प्रदेश में स्थित यह मठ गल्डेन नमगी लात्से के नाम से प्रसिद्ध है।

**सिक्किम में कंचनजंगा**
कंचनजंगा विश्व की तीसरी सबसे ऊँची पर्वत चोटी है, यह सिक्किम के उत्तर पश्चिम में नेपाल की सीमा पर है। है। सिक्किम के रिजॉर्ट की बालकनी से सूर्योदय के समय कंचनजंगा की खूबसूरती देखने लायक होती है।

**जीरो वैली की शाम**
प्रकृति के नजदीक और शहरी शोर-शराबे से दूर शांति का अनुभव करना चाहते हैं तो आपको अरुणाचल प्रदेश के जीरो वैली आना चाहिए। जीरो वैली की खूबसूरती आपका मन मोह लेगी।



## मुंबई हलचल राशिफल
आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
भ्रमण पर जाने से व्यय भार बढ़ सकता है। माता पिता की सेहत की चिंता रहेगी। किसी अजनबी पर विश्वास हानिकारक हो सकता है।

**सिंह**
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी।

**धनु**
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कुसंगति से बचें। राजकीय बाधा दूर होगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें।

**वृष**
कार्यों के प्रति उत्साह बना रहेगा। पति पत्नी के बीच मामूली अनबन हो सकती है। संतान आपकी बातों से प्रभावित होगी।

**कन्या**
खानपान नियंत्रित व संतुलित रखें। मौसमी बीमारियां परेशान कर सकती हैं। परिवार के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**मकर**
क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखें। मित्रों पर आंख बंद कर विश्वास न करें। भूमि भवन के कार्यों के सिलसिले में यात्रा हो सकती है।

**मिथुन**
भूमि या भवन में निवेश लाभदायक हो सकता है। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं।

**तुला**
आय बढ़ाने हेतु किए गए प्रयास सफल होंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रह सकती है। आर्थिक पक्ष बेहतर रहने से मन प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ**
जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं। राजकीय कार्यों में सफलता मिल सकती है। मित्रों के साथ आमोद प्रमोद में समय व्यतीत होगा। व्यापार में साझेदारी से लाभ हो सकता है।

**कर्क**
जीवनसाथी के साथ वैचारिक मतभेद हो सकता है। शत्रु की प्रबलता रह सकती है। जरूरी न हो तो निवेश न करें।

**वृश्चिक**
पैसा आने से पहले ही जाने का रास्ता तैयार रहेगा। आप किसी साजिश का शिकार हो सकते हैं। खानपान पर नियंत्रण रखें।

**मीन**
जीवनसाथी के साथ वैचारिक मतभेद हो सकता है। संतान आपकी बातों से प्रभावित होगी। माता पिता की सेवा का भाव रहेगा।

# अडवेंचर टूर पर जा रहे हैं, तो इन बातों का जरूर रखें ध्यान

अडवेंचर टूर पर जाना युवाओं के बीच आजकल काफी पॉप्युलर हो रहा है। यह नॉर्मल टूर से बिल्कुल अलग है। नार्मल ट्रैवल ट्रिप में आप आराम से घूमते-फिरते हैं, खाते-पीते हैं और हर पल को भरपूर एंजॉय करते हैं। लेकिन अडवेंचर ट्रिप में आप नए-नए एक्सपीरियंस लेते हैं, जिनमें जोखिम भी ज्यादा होता है। कोई भी अडवेंचर ट्रिप जितनी रोमांच से भरी होती है, उसमें उतना ही जोखिम होता है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कुछ बातों का ध्यान रख हौसला बनाए रखना। अगर आप भी किसी अडवेंचर टूर पर जा रहे हैं, तो इन बातों को ध्यान में जरूर रखें...



अडवेंचर स्पोर्ट के लिए मानसिक स्तर पर तैयार रहें। जिस अडवेंचर गेम के लिए जा रहे हैं, उसकी कुछ दिन ट्रेनिंग ले लें लाइसेंसी कंपनी के साथ ही टूर पर जाएं। ध्यान रखें कि आपका गाइड पूरी तरह योग्य हो। मौसम ठीक ना हो, तो खेल अवॉइड करें। कभी भी अकेले अडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए न जाएं। ग्रुप में जाएंगे, तो आप ज्यादा एंजॉय कर पाएंगे। खेलों में जाने से पहले अपना हेल्थ चेकअप करवा लें। अगर बीपी, शुगर वगैरह की प्रॉब्लम हो, तो नॉर्मल होने का इंतजार करें। अपने साथ एक फर्स्ट एड बॉक्स रखें।

समुद्र के अंदर जीव-जंतुओं को देखना
स्कूबा डाइविंग में आप पानी के इतने अंदर जाते हैं कि वहां आप कई तरह की मछलियों और दूसरे जीव-जंतुओं के बेहद करीब होते हैं। यहां आप बिना ऑक्सिजन मास्क लगाए एक मिनट भी नहीं रह सकते। इसलिए सबसे पहले जरूरी है कि आपका कॉन्फिडेंस लेवल हाई हो। अगर ऑक्सिजन मास्क छूट जाए, तो बिना घबराए उस सिचुएशन को हैंडल करें। किसी समुद्री जीव के बेहद नजदीक होने पर भी आप घबराएं नहीं। इसके लिए आपको मानसिक स्तर पर तैयार होना जरूरी है।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# टीम इंडिया का ऐलान, वेस्टइंडिज के खिलाफ सीरीज में नहीं हुई धोनी की वापसी

**कोलकाता।** वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 और वनडे सीरीज के लिए गुरुवार को चयनकर्ताओं ने भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है, लेकिन दोनों ही सीरीज के लिए पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को टीम में जगह नहीं मिली है। सीमित ओवरों के उपकप्तान रोहित शर्मा को दोनों ही सीरीज में टीम में रखा गया है। पहले उन्हें सीरीज से आराम देने की बात कही जा रही थी।

बांग्लादेश के बाद टीम इंडिया एक और घरेलू सीरीज के लिए तैयार है। अब टीम इंडिया को अपने घर में वेस्टइंडीज से भिड़ना है। वेस्टइंडीज का भारत दौरा 6 दिसंबर से शुरू होने वाला है। गुरुवार को कोलकाता में भारतीय चयन समिति ने तीन मैचों की टी-20 और वनडे सीरीज के लिए भारतीय स्क्वॉड की घोषणा की है। विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, शिखर धवन, लोकेश राहुल, श्रेयस अय्यर, मनीष पांडे, ऋषभ पंत, शिवम दूबे, सुंदर वाशिंगटन, रवींद्र जडेजा, यजुवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, दीपक चाहर, मोहम्मद शमी और भुवनेश्वर कुमार।




विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, शिखर धवन, लोकेश राहुल, श्रेयस अय्यर, मनीष पांडे, ऋषभ पंत, शिवम दूबे, केदार जाधव, रवींद्र जडेजा, यजुवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, दीपक चाहर, मोहम्मद शमी और भुवनेश्वर कुमार।

वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज 6 दिसंबर से 11 दिसंबर तक खेली जाएगी। इसके बाद दोनों टीमें 15 दिसंबर से 22 दिसंबर तक तीन मैचों की वनडे सीरीज वनडे खेलेंगी।

## महिला टी-20: भारत ने वेस्टइंडीज का 5-0 से किया सफाया

**गुयाना।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पांचवें और अंतिम टी-20 मैच में मेजबान वेस्टइंडीज को 61 रनों से हराकर पांच मैचों की टी-20 में 5-0 से क्लीन स्वीप हासिल कर ली। भारतीय टीम वनडे सीरीज भी 2-1 से अपने नाम कर चुकी है।

प्रोविंस स्टेडियम में खेले गए मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 134 रनों का स्कोर बनाया और फिर वेस्टइंडीज की टीम को निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 73 रनों पर रोक दिया।




मेजबान टीम की तरफ से किशोना नाइट ने 22 और शैमाने कॉम्पबेल ने 19 रनों का योगदान दिया। बाकी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सकीं।

भारतीय टीम की ओर से ऑफ स्पिनर अनुजा पाटिल ने दो विकेट लिए, जबकि राधा यादव, पूनम यादव, पूजा वस्त्राकर और हर्लीन देओल को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले भारतीय टीम ने तीन विकेट पर 134 रन बनाए। मेहमान टीम के लिए वेदा कृष्णामूर्ति ने नाबाद 57 और जेमिमाह रॉड्रिग्स ने 50 रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज के लिए हैली मैथ्यूज, कप्तान अनीसा मोहम्मद और आलियाह एलीने ने एक-एक विकेट चटकाए।

## ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट में पाक पर कसा शिकंजा, 240 रनों पर समेटा

**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया ने पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन पाकिस्तान को 240 रनों पर आउट कर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। पहले सत्र में पाकिस्तान ने बिना किसी नुकसान के 57 रन बना लिये थे। इसके बाद के सत्रों में मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस ने पाकिस्तानी बल्लेबाजी की बखिया उधेड़ दी। स्टार्क ने 52 रन देकर चार विकेट झटके, जबकि कमिंस को तीन और हेजलवुड को दो विकेट मिले। एक समय पाकिस्तान का स्कोर बिना किसी नुकसान के 75 रन था, जो चार विकेट पर 78 और फिर पांच विकेट पर 94 रन हो गया। पाकिस्तान के लिए असद शफीक ने 76 रन बनाए। उन्होंने मोहम्मद रिजवान के साथ 49 रनों की साझेदारी की, जिन्होंने 37 रन बनाए। इसके अलावा यासिर शाह (26) के साथ 84 रन जोड़े। पहले सत्र में पाकिस्तानी बल्लेबाजों अजहर अली और शाह



मसूद ने बिना किसी नुकसान के 57 रन बनाए। बाद में इन्होंने आक्रामक शॉट खेलने शुरू किए, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने अपनी लय हासिल करके पाकिस्तान को बैकफुट पर ला दिया। पहले मसूद (27) को कमिंस ने ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद पर दूसरी स्लिप में स्टीव स्मिथ के हाथों लपकवाया। अगली गेंद पर अजहर (39) ने हेजलवुड की गेंद पर पहली स्लिप में जो बर्न्स को कैच दिया। इसके बाद से पाकिस्तानी विकेटों का सिलसिला जारी रहा।

## छेत्री की जगह कोई नहीं ले सकता: स्टिमक

**नयी दिल्ली।** भारतीय फुटबाल कोच इगोर स्टिमक को लगता है कि करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री 29 साल के खिलाड़ी की तरह खेल रहे हैं और अगले कुछ वर्षों तक उनकी जगह कोई नहीं ले सकता। हाल के वर्षों में 35 साल के छेत्री ने शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन सितंबर में ओमान के खिलाफ मिली 1-2 की हार में भारत के लिये एकमात्र गोल करने के बाद वह 2022 विश्व कप क्वालीफाइंग अभियान के पिछले तीन मैचों में गोल नहीं कर सके। यह पूछने पर कि क्या भविष्य में छेत्री की जगह लेने के लिये उन्होंने भारत में कोई खिलाड़ी ढूंढ लिया है तो स्टिमक ने कहा, मैं नहीं जानता कि लोग सुनील की जगह लेने का जिक्र क्यों करते हैं, वह कहीं नहीं जा रहा। वह फिट है और शानदार कर रहा है। वह हमारे लिये बहुत महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। वह 29 साल के खिलाड़ी की तरह फिट है। स्टिमक ने कहा, जब तक वह ऐसे ही ट्रेनिंग कर रहा है और भारतीय टीम के लिये अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहा है, वह हमारे साथ रहेगा। मैं आपको यह आश्वस्त कर सकता हूं। उन्होंने कहा, उसके (सुनील) पास कुछ अच्छे मौके थे, अफगानिस्तान के खिलाफ भी एक मौका था और सामान्य रूप से सुनील 10 में से नौ बार गोल करता है। लेकिन ऐसा उस दिन नहीं होता, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उसके खेल में कुछ बदलाव हुआ है।

## पिंक बॉल टेस्ट: इन 5 चुनौतियों से पाना होगा पार

*भारत और बांग्लादेश की क्रिकेट टीमें सीरीज के दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच के लिए आमने-सामने होंगी। यह मैच ऐतिहासिक होगा क्योंकि देश में पहली बार डे-नाइट फॉर्मेट में पिंक बॉल से टेस्ट मैच खेला जाएगा। मैच में 5 बड़ी चुनौतियों पर एक नजर-*

**बल्लेबाजी में 10-15 ओवर मुश्किल**

बल्लेबाजी की बात करें तो शुरूआती 10-15 ओवर में काफी परेशानी हो सकती है लेकिन इसके बाद बैट्समैन आसानी से खेल सकेंगे।

**रिवर्स स्विंग टेढ़ी खीर**

रिवर्स स्विंग कराना भी टेढ़ी खीर है। इन दिनों भारत के पास मोहम्मद शमी के रूप में रिवर्स स्विंग की कला का इस्तेमाल करने वाला एक बेहतरीन गेंदबाज मौजूद है।

**शाम ढलने के बाद हो सकती है परेशानी**

शाम ढलते वक्त घूमती हुई गुलाबी गेंद को साफतौर पर देखने में बल्लेबाजों के लिए परेशानी हो सकती है। दिन के उजाले में रेड बॉल को देखना जितना आसान होता है, वैसा पिंक बॉल के साथ नहीं है।

**कोलकाता में ओस**

कोलकाता में शाम के बाद खासी ओस पड़ती है जिससे गेंद गीली होकर हेवी हो जाती है और गेंदबाजों की दिक्कत बढ़ जाती है। बॉल को ग्रिप न कर पाने की वजह से स्पिनर्स के लिए टर्न दिला पाना आसान नहीं होगा।

**फील्डरों के सामने मुश्किलें**

भीगी गेंद क्षेत्ररक्षकों के लिए भी मुश्किलात पैदा करेगी जिनके हाथों से बॉल छिटकने का खतरा रहेगा। विराट ने मैच से एक रोज पहले कहा कि पिंक बॉल भारी हॉकी बॉल की तरह लगता है। कुल मिलाकर हरेक विभाग में कुछ दिक्कतें हैं।

## भारतीय हाकी टीम के प्रो लीग मैचों के लिये टिकटों की आनलाइन बिक्री शुरू


**नयी दिल्ली।** हाकी इंडिया ने अगले साल होने वाली एफआईएच प्रो लीग के भारत के घरेलू मैचों के टिकटों की आनलाइन बिक्री शुरू कर दी । भारतीय टीम पहली बार हाकी प्रो लीग खेलेगी। इसमें नीदरलैंड, बेल्जियम, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसी टीमें भारत के खिलाफ खेलेंगी । भारत के मैच 18 जनवरी से 24 मई के बीच खेले जायेंगे । आठ घरेलू मैचों के टिकट 200 से 500 रुपए के बीच होंगे । टिकटजेनी वेबसाइट पर ये टिकट उपलब्ध हैं । छह महीने तक चलने वाली हाकी प्रो लीग 2020 में दुनिया की पांचवें नंबर की भारतीय टीम 18 और 19 जनवरी को नीदरलैंड के खिलाफ पहला मुकाबला खेलेगी । इसके बाद बेल्जियम के खिलाफ आठ और नौ फरवरी को खेलना है । आस्ट्रेलिया से मुकाबला 21 और 22 फरवरी को होगा। जर्मनी से अप्रैल और ब्रिटेन तथा न्यूजीलैंड से मई में मैच खेले जायेंगे ।

## जोकोविच ने सर्बिया को क्वार्टरफाइनल में

**मैड्रिड।** नोवाक जोकोविच ने गुरूवार को बेनो पेयरे को आसानी से मात देकर सर्बिया को डेविस कप के क्वार्टरफाइनल में पहुंचाया जिससे शीर्ष वरीय फ्रांस की टीम को बाहर का रास्ता देखना पड़ा। जोकोविच ने पेयरे को 6-3 6-3 से मात दी। उनसे पहले फिलिप क्रैजिनोविच ने करीबी मुकाबले में जो विल्फ्रेड सोंगा को 7-5 7-6 से हराकर सर्बिया को 2-0 से आगे कर दिया था और केवल युगल मुकाबला ही खेला जाना था। इसका मतलब है कि फ्रांस युगल मुकाबला जीतने की स्थिति में भी सेट में रिकार्ड की बदौलत सर्वश्रेष्ठ दो उप विजेता में से एक के रूप में अगले दौर में प्रवेश नहीं कर सकता।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# अक्षय कुमार के नाम होने वाला है 1 साल में 1000 करोड़ कलेक्शन का ऐतिहासिक रेकॉर्ड!

इस साल की तरह ही अगले साल भी अक्षय कुमार की कई फिल्में लाइन में लगी हैं। अगले साल अक्षय की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सलमान खान और आमिर खान की फिल्मों से टकराएंगी। इस साल एक के बाद एक उनकी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर धमाका किया। इसी के साथ अक्षय कुमार के नाम एक ऐतिहासिक रेकॉर्ड दर्ज होने जा रहा है। जल्द ही अक्षय कुमार की इस साल की फिल्मों का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 1000 करोड़ का आंकड़ा छूने जा रहा है। मार्च में रिलीज हुई फिल्म 'केसरी' ने करीब 203 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। इसके बाद मल्टी स्टारर फिल्म 'मिशन मंगल' ने करीब 277 करोड़ रुपये कमाए। इसके साथ तब तक अक्षय की इस साल की फिल्मों की कमाई 480 करोड़ रुपये हो गई थी। बीते दिनों अक्षय कुमार की एक और मल्टी स्टारर फिल्म 'हाउसफुल 4' रिलीज हुई है। इस फिल्म ने सिर्फ 25 दिनों में ही 290 करोड़ रुपये कमा लिए थे। जल्द ही अक्षय कुमार की फिल्म 'गुड न्यूज' भी रिलीज होने वाली है। रिपोर्ट्स के अनुसार अगर फिल्म में 225 करोड़ तक का कलेक्शन कर लिया तो वह एक साल में 1 हजार करोड़ कलेक्शन का इतिहास रच सकते हैं। इससे पहले 2016 में सलमान खान की 'बजरंगी भाइजान' और 'प्रेम रतन धन पायो' ने मिलकर 970 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

# तापसी पन्नू ने बताए अपने सबसे खराब को-स्टार्स



**तापसी** पन्नू बॉलिवुड की ऐसी ऐक्ट्रेस हैं जो फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभाने के अलावा अपनी बेबाकी के लिए जानी जाती हैं। इसके अलावा तापसी अपने को-स्टार्स के साथ अपनी खास बॉन्डिंग के लिए भी जानी जाती हैं। हालांकि तापसी ने हाल में यह भी बताया कि उन्हें अपने कौन से को-स्टार्स पसंद नहीं हैं। नेहा धूपिया के चैट शो पर तापसी ने अपने सबसे खराब को-स्टार्स के बारे में बताया और उनके नाम जानकर आप चौंक जाएंगे। इस बारे में बात करते हुए तापसी ने कहा कि उनके साथ 'मनमर्जियां' में काम करने वाले विकी कौशल और 'जुड़वा 2' में काम कर चुकीं जैकलिन उनके अब तक के सबसे खराब को-स्टार्स रहे हैं। तापसी के मुताबिक, जैकलिन के पास बेहद हॉट बॉडी है और इसके कारण वह 'जुड़वा 2' में उनका मुकाबला नहीं कर पा रही थीं। इसके अलावा 'मनमर्जियां' में विकी के साथ वह हर सीन में काफी सजग रहती थीं ताकि किसी भी सीन में वह विकी के सामने कमजोर न पड़ें क्योंकि वह हर सीन बेहतरीन देते थे।



# इलियाना ने रिजेक्ट की थीं सलमान की ये 2 फिल्में

**ऐक्ट्रेस** इलियाना डिक्रूज ने अपने अब तक के करियर में रणबीर कपूर से लेकर अजय देवगन और वरुण धवन जैसे स्टार्स के साथ काम किया है। लेकिन उनके फैन्स यह जानने के लिए उत्साहित हैं कि क्या कभी वह सलमान खान के साथ काम करेंगी? हाल ही में इलियाना ने इसका जवाब भी दिया और जो जवाब दिया उसने सभी को चौंका दिया। एक इंटरव्यू के दौरान इलियाना ने फैन्स द्वारा पूछे गए सवाल का ट्विटर पर जवाब देते हुए कहा कि उन्हें सलमान खान स्टारर 'किक' और 'वॉन्टेड' के लिए अप्रोच किया गया था। लेकिन वह किन्हीं वजहों से उन दोनों ही फिल्मों में काम नहीं कर पाईं। कहीं न कहीं इलियाना को आज भी इन फिल्मों में काम न कर पाने का मलाल है। इलियाना की मानें, तो 'वॉन्टेड' में उन्हें आयशा टाकिया वाले रोल के लिए अप्रोच किया गया था। चूंकि उस वक्त उनके एग्जाम चल रहे थे इसलिए वह इस फिल्म को नहीं कर पाईं। वहीं 'किक' जब ऑफर हुई तो उस वक्त वह अपनी डेट्स किसी अन्य फिल्म को दे चुकी थीं। बाद में फिर जैकलीन फर्नांडिस को इस फिल्म के लिए साइन किया गया।